घटना

## बेटे को मारने आए थे आरोपी, बीच बचाव में पिता को लगा चाकू

# पैसों के लेनदेन पर वृद्ध की चाकू मारकर हत्या

**नवभारत,दमोह. जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले रामपुर गांव में शनिवार रात करीब 10 बजे पैसों के लेनदेन के पुराने विवाद पर 70 वर्षीय वृद्ध माखन उर्फ हल्के भाई पटेल की गांव के ही कुछ लोगों ने चाकू मार कर हत्या कर दी.घटना के बाद आरोपी भाग गए.परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस), सीएसपी एचआर पांडे,देहात थाना टीआई अमित गौतम, नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, एएसआई अकरम, के साथ नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंची.**




जीवित अवस्था चित्र

### आरोपी पूरी प्लानिंग के साथ आये थे

गांव के राकेश उर्फ पूरा ठाकुर ने अपने साले सचिन ठाकुर व कुछ लोगों के साथ मिलकर उनके बड़े पिता की हत्या की है .बड़े पिता के बेटे हरिदास को आरोपी पूरा ठाकुर से कुछ पैसे लेने थे, जिसको लेकर विवाद हुआ था. आरोपी पूरी प्लानिंग के तहत शनिवार को उनके भाई की हत्या करने के लिए चाकू व अन्य हथियार लेकर आए थे, लेकिन तभी उनके बड़े पिता बीच बचाव करने आ गए तो आरोपियों ने उनके सीने में चाकू मार दिया .लहू लोहान हालत में बड़े पिता जमीन पर गिर पड़े .इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए .

परिजनों के बयान लेने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई और शव को जिला अस्पताल में रखवाया गया. रविवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. जल्द ही आरोपियों की मिलने की खबर सामने आ रही है.परिवार के अन्य लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल नरसिंहगढ़ पुलिस को सूचना दी.परिजनों की मांग है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए.



जानकारी देते हुए सीएसपी एचआर पांडे ने बताया की रामपुर गांव में माखन पटेल की चाकू मार कर हत्या हुई है . पूरा ठाकुर ने अपने साले सचिन के साथ मिलकर हत्या कांड को अंजाम दिया है . प्रथम दृष्टया पैसों के लेनदेन को पैसों के लेनदेन को लेकर यह हत्या कांड हुआ है. शनिवार को इसी बात को लेकर उनके बीच बातचीत हुई थी और रात में आरोपियों ने पटेल परिवार के घर पहुंच कर हमला कर दिया. आरोपी हरिदास को मारने आए थे, लेकिन बीच बचाव करने के लिए पिता पहुंच गए तो आरोपियों ने उनके सीने में चाकू मार दिया .जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई है .पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है और आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

## हिनौता के मंजघरा में श्रीमद्भागवत कथा का षष्ठम दिवस



नवभारत,दमोह। बांसा तारखेड़ा के ग्राम हिनौता के मंजघरा में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ कथा का षष्ठम दिवस शुक्रवार को संपन्न हुआ। कथा व्यास पं. श्री रामकुमार शास्त्री महाराज थे। कथा का आयोजन वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी श्री रामजी सिंह परिहार द्वारा कराया जा रहा है। व्यासपीठ से महाराज ने कहा कि ईश्वर प्राप्ति कोई कठिन कार्य नहीं है। संसार में रहते हुए भी सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति और सदाचार अपनाना ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भक्त और भात एक जैसे बनते हैं। जैसे चावल के छिलके को हटाकर भात बनाया जाता है, उसी प्रकार मोहमाया और सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलकर भगवत प्राप्ति कर सकते हैं। महाराज ने कहा कि भागवत कथा हमें सांसारिक जीवन, घर-परिवार से भागना नहीं सिखाती, बल्कि परिवार, प्रकृति और जिम्मेदारियों बताती है.

## श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर कॉरिडोर निर्माण की निगरानी हेतु पर्यवेक्षण समिति गठित

- सीईओ जिला पंचायत फुलपगारे नोडल अधिकारी नियुक्त
- हर 15 दिन में होगा निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**नवभारत,दमोह.** श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।निर्माण कार्य की सतत निगरानी एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह की अध्यक्षता में एक पर्यवेक्षण समिति का गठन किया गया है।समिति में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी),कार्यपालन यंत्री ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा (आरईएस) तथा महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क योजना, दमोह को सदस्य बनाया गया है।गठित समिति प्रत्येक 15 दिवस में श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेगी तथा कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह को प्रस्तुत करेगी।

## फूलचंद जैन की दशमी पुण्यतिथि पर फल वितरण



**नवभारत,जबेरा।** समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय फूलचंद जैन की दशमी पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वर्गीय फूलचंद जैन के सामाजिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, जनहित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय फूलचंद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,पूर्व सरपंच मिट्ठू लाल सिंघई,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोविंद तिवारी,ठेकेदार सुभाष जैन,जैन समाज के अध्यक्ष अनिल चौधरी, सुनील सिंघई,शरद जैन ,विनोद मलैया, रवि शंकर बाजपेई आदि.

## पीडब्ल्यूडी विभाग में थोक ट्रांसफर,अनिल आठिया बने नौगांव के प्रभारी एसई, जेपी सोनकर को दमोह ईई का प्रभार



**नवभारत,दमोह।** लोक निर्माण विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत थोक तबादला सूची जारी की गई है.प्रभारी कार्यपालन यंत्री अनिल कुमार आठिया को नौगांव मंडल, छतरपुर के प्रभारी अधीक्षण यंत्री का प्रभार सौंपा गया है.वहीं जे.पी.सोनकर को लोक निर्माण विभाग दमोह संभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी दी गई है.इसके अलावा सीमा रजक,सहायक यंत्री (सिविल) कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग दमोह का स्थानांतरण सागर कर दिया गया है.

## 200 कैम्पर ठंडा आरओ का जल यात्रियों को उपलब्ध कराया गया



**नवभारत,दमोह.** आज के बाद कल ही अंतिम दिन होगा एक माह लंबी जल सेवा का। सेवादारों के उत्साह और पुरुषार्थ में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही और कई गुमनाम या कहें जिनके नाम से हम परिचित नहीं है ऐसे सेवादार भी आज बड़ी संख्या में जलसेवा करने समर्पित रहे।आज प्रात:11 बजे से अनवरत साढ़े 5 बजे तक यात्री गाड़ियों में जलसेवा का सौभाग्य मिला और लगभग 200 कैम्पर ठंडा आरओ का जल यात्रियों को उपलब्ध कराया गया।आज पहली शिफ्ट में ही डॉएम एल नेमा सेवादारों के लिए गरम गरम मालपुआ लाए वही शिक्षक जितेंद्र पटेल ताजे नींबू का मीठा और ठंडा शरबत सेवादारों के लिए लाए।जलज हर्ष श्रीवास्तव का जन्मदिन होने से उन्होंने सेवादारों को दोपहर में गर्मा गरम आलूबंडा, समोसा खिलाए वही हजार किलोमीटर दूर बैठी सेवा को लालायित हमारी लाडली बहिन प्राची ने सभी सेवादारों के लिए आइस्क्रीम उपलब्ध कराई।आज के सेवादारों के नाम इस प्रकार है सर्वश्री डॉ एम एल नेमा, डॉ डी एम संगतानी सुभाष दुबे, शंकर लाल पटेल, प्रोफेसर पवन चौरसिया,सुनील सैनी, लखन तन्तबाय, बृजेश सेन, लखन शुक्ला, महेंद्र मोनू ठाकुर, सोहित राजपूत,कु आशी गुप्ता कु रत्ना विश्वकर्मा, कु नंदनी प्रजापति, कु माही ठाकुर, पंकज हर्ष,नीरज हर्ष, जलज हर्ष, मृदुल हर्ष,जयवर्धन हर्ष श्रीवास्तव,भूपेन्द्र तिवारी,रीतेश पटेल, लक्ष्मण सिंह राजपूत,गजेंद्र ठाकुर, पुनीत मिश्रा,तहसीलदार सिंह गुर्जर,प्रणव मिश्रा,पप्पू पटवारी, प्रदीप खरे, जितेंद्र पटेल, वीरेंद्र गर्ग,सुशील खरे,सुरेश नामदेव,महेश कुशवाहा, प्रमोद विश्वकर्मा, मनीष गोयल,देव ऋषि विश्वकर्मा,राघवेन्द्र नेमा, (कु मनीषा चौबे,कु दीपा मिश्रा,कु दीपा सोनी,श्रीमती दीपमाला सैनी,श्रीमती संध्या खरे,सुरेश खत्री, पंकज खरे, साजिद रिजवी, मनोज सोनी,सुखदेव खरे,राकेश रायजादा, मनोज नागदेव) एडवोकेट्स, दर्शन मिश्रा श्रीमती सुधा रजक,श्रीमती आशा सैनी,सुनील राय सहित अनेक सेवादार उपस्थित रहे।



## जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा के अध्यक्ष अतिवीर संजय डबुल्या जैन के सौजन्य उन्हीं की अध्यक्षता में, श्री दिग जैन तारण तरण चौत्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई,सर्व प्रथम दीप दीपायन एवं महावीर प्रार्थना के उपरांत शाखा मंत्री वीर एम एल जैन द्वारा पूर्व बैठक का वाचन , एवं विगत माह में किए गए कार्यक्रमो की संक्षिप्त जानकारी एवं बैठक के एजेंडे की जानकारी दी , प्रथम बिंदु सागर में आयोजित क्षेत्रीय बैठक में दिये निर्देश व वर्ष भर का कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार कार्यों की जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इंजी आर के जैन व राष्ट्रीय संयोजक अतिवीर ऋषभ (स्टेशन मास्टर) द्वारा विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की व शाखा से इस वर्ष वीर पदम चंद जुझार व उनकी वीरांगना श्रीमती शकुन जी, संजय डबुल्या व उनकी वीरांगना श्रीमती रेखा जैन व वीर एम एल जैन साब को अतिवीर बनने सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत व सम्मान किया,व बैठक में उपस्थित सम्मानीय प्रभात कुमार जी जैन का सम्मान व्यक्त किया गया,द्वितीय विंदु रू-19जून दिन शुक्रवार को.

## कलचुरी महासभा में नए पदों की घोषणाएं





**नवभारत,दमोह.** नोहटा हाई स्कूल के हाल में बड़ी बैठक संपन्न हुई .जिसमें नए-नए ऊर्जावान व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई. बैठक की -शुरुआत में भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन अर्चन किया गया और दमोह से जिला कलचुरी महासभा के जिला अध्यक्ष संजय राय व उनके सहयोगी का स्वागत वंदन किया गया.जिसमें हमारे चंद्रशेखर चंदू राय, धर्मेंद्र राय, राजीवराय साव, जयकांत राय, बंटी राय, अभिषेक राय,पप्पू राय बस ओनर,हिम्मूराय आदि प्रमुख लोगो का स्वागत किया गया. उसके उपरांत सबने संगठन के ऊपर अपने-अपने विचार रखें और फिर बैठक में -जबेरा ब्लॉक, सिंग्रामपुर ब्लॉक, नोहटा ब्लॉक की बड़ी महत्वपूर्ण बैठक की शुरुआत हुई हुई. जो समाज के सभी व्यक्तियों को बुलाकर की गई.नए पदों की घोषणाएं जिसमें सभी की उपस्थिति में विचार विमर्श कर सबकी राय लेकर सर्वमान्य तरीके से नए पदों की घोषणाएं की गई. जिसमें नोहटा ब्लक मंडल अध्यक्ष -सूरज राय मासाब,नोहटा नगर अध्यक्ष'-अभिषेक राय,नोहटा ब्लक मंडल युवा अध्यक्ष'-आदित्य राय,जबेरा ब्लक मंडल अध्यक्ष'- दिनेश राय कौरता पिपरिया,जबेरा नगर अध्यक्ष'-गोलू गोविंद राय,जबेरा ब्लक मंडल युवा अध्यक्ष-प्रवीण राय पिपरियासिंघौरगढ ,सिंग्रामपुर ब्लक मंडल अध्यक्ष'-पिंकू दुर्गेश राय पटना कुआं,सिंग्रामपुर नगर अध्यक्ष-दिनेश राय व महामंत्री नीरज जायसवाल जबेरा विधानसभा को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष, सुरेश राय चिलौद, शीतल राय पटनामानगढ़, चन्नूराय बमोरी, विनोद राय माला बमोरी, रामस्वरूप राय कुआंपटना, मुन्नालाल राय भाटखमरिया पूर्व बीडीसी व ब्लॉक उपाध्यक्ष में-राहुल राय सहसना सरपंच,जितेंद्र राय कौडा कला सरपंच, मनोज राय सरपंच पौड़ीमानगढ़ लालचंद्र राय सहसना,ब्लॉको में उपाध्यक्ष बनाये गये और नई-नई नियुक्तियां भविष्य में होगी.बैठक का सफल संचालन जिला सचिव राजीव राय सावजी ने किया .जिला कलचुरी महासभा जिला अध्यक्ष-संजय राय-जिला सचिव -राजीव राय साव जिला कोषाध्यक्ष -जयकांत राय नगर अध्यक्ष - अभिषेक राय दमोह कलचुरी महासभा.

## पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने परिवार सहित किए जागेश्वर नाथ के दर्शन



### पुरुषोत्तम मास में भोलेनाथ का किया पूजन-अभिषेक

**नवभारत,दमोह।** पुरुषोत्तम माह के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को परिवार के साथ श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक किया।मंत्री ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक सहित पुजारियों से आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंधन द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया।

### 100 करोड़ के कॉरिडोर से बदलेगी धाम की तस्वीर

**नवभारत,दमोह।** पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर मप्र शासन के पर्यटन व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शनिवार को परिवार सहित बांदकपुर धाम पहुंचे .मंत्री ने श्री जागेश्वर नाथ मंदिर में विधि-विधानपूर्वक पूजन, दीपदान व भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया .उन्होंने प्रदेश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की .इस दौरान मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक रामकृपाल पाठक विशेष रूप से मौजूद रहे .बतादे कि मंत्री के विशेष प्रयासों से बांदकपुर धाम में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से दिव्य-भव्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य गतिमान है .इस पवित्र धाम के समग्र विकास व भव्य कॉरिडोर निर्माण के प्रति उनका संकल्प सराहनीय है. यह कॉरिडोर बुंदेलखंड व महाकौशल क्षेत्र सहित देशभर से भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएँ प्रदान करेगा . उम्मीद है कि बांदकपुर धाम भविष्य में देश-प्रदेश के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा.

### एक नजर में



## जयकारों के साथ हुआ मासिक महाआरती का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले की कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में हर माह की भांति इस माह के दूसरे रविवार को मासिक महाआरती संपन्न की गई। समापन की बेला में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव आरती ठाकुर जी ने कहा की परम पूज्य श्री शक्तिपुत्र भगवान ने आज हम सबको मूल ध्वज की आरती से जोड़ा है जो लाभ हमें आश्रम में जाकर के मूल्य की आरती करने से प्राप्त होता है वह लाभ हमें यह कृषि उपज मंडी सागर नाका में सामूहिक रूप से इस महाआरती करने में लाभ प्राप्त होता है जिस प्रकार पारसमणी लोहे को सोना बनती है लेकिन हमारे गुरु भाई गुरु बहन आज समाज में जाकर के लोगों को नशे से मुक्त करते हुए अपने जैसा बना रहे हैं यह परम सौभाग्य की बात है कि परम हंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र भगवान ने वह आशीर्वाद हम सबको प्रदान किया आज हम सब बड़े सौभाग्यशाली है.

## रमजान खान बने जिला किसान कांग्रेस के महामंत्री



**नवभारत,दमोह।** जिला किसान कांग्रेस ने रमजान खान पिता आलम खान को जिला किसान कांग्रेस महामंत्री नियुक्त किया गया है इनके महामंत्री बनने पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दीवान अमर सिंह,जिलाध्यक्ष मानक पटेल,पूर्व विधायक अजय टंडन,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा,संगठन महासचिव नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र ठाकुर,महिला अध्यक्ष रजनी ठाकुर,खिल्लू ठाकुर,वकील कुरैशी,ए.के.चिश्ती, सत्तार नेता आदि ने शुभाकामनाएं देते हुए बधाईयां प्रेषित की है।

## पूर्व पार्षद बिहारी लाल माखीजा का निधन



**नवभारत,दमोह।** शहर के समाजसेवी व पूर्व पार्षद बिहारी लाल माखीजा का निधन हो गया है. उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार, दिनांक 14 जून 2026 को दोपहर 12 बजे निज निवास, भाई हरियल दास गुरुद्वारा के सामने से प्रारंभ होकर सिंधी समाज मुक्तिधाम जाएगी .श्री माखीजा वीर फैशन, घंटाघर से जुड़े हुए थे .सिंधी समाज सेवा समिति दमोह ने गहरा शोक व्यक्त किया है.





## 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का समापन, प्रतिभागियों ने सीखी सुदर्शन क्रिया व जीवन जीने की कला

**नवभारत,दमोह।** परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के आशीर्वाद से 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का रविवार को सफल समापन हुआ .प्रशिक्षक प्रशांत असाटी ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों ने गुरुदेव की अद्भुत व चमत्कारिक सुदर्शन क्रिया सीखी।साथ ही 6 दिन की इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्वयं के अस्तित्व को जाना। साधना,सेवा,सत्संग,प्राणायाम,योग, ध्यान,ज्ञान की कुंजियों और खेल के माध्यम से जीवन जीने की कला को सीखा।

## मुख्य अभियंता ने किया बनगांव वितरण केंद्र का निरीक्षण राजस्व संग्रहण, लाइन रखरखाव पर दिए निर्देश



**नवभारत,दमोह।** 12 जून 2026 को मुख्य अभियंता सागर द्वारा बनगांव वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दमोह अमित कुमार चौहान, कार्यपालन अभियंता प्रवीण कुल्हाड़े व सहायक अभियंता हटा राजेश सहाय भी उपस्थित रहे.निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने राजस्व संग्रहण, लाइन के रखरखाव तथा पंप सप्लाई और घरेलू सप्लाई में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए. अधिकारियों को उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए.

## चेकिंग अभियान : पटेरा पुलिस ने काटे चालान



**नवभारत, दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशानुसार जिलेभर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में पटेरा पुलिस द्वारा सहायक उप निरीक्षक बलदेव अहीरवाल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए करीब 10 चालान काटे और 4600 का जुर्माना वसूल किया.पुलिस टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें. पुलिस ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है.

कार्यवाही

## घर में घुसकर पत्थर बरसाकर दो लोगों को घायल कर कार में की तोड़फोड़

# दमोह के खजरी मोहल्ले में शराबियों का उत्पात

**नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खजरी मोहल्ले में शनिवार रात शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवकों ने जमकर हंगामा किया. आरोपियों ने घर में सैकड़ो पत्थर फेंक और घर में घुसकर दो लोगों पर हमला कर दिया.इतना ही नहीं, घर के बाहर खड़ी कार में भी तोड़फोड़ कर घटना को अंजाम दिया गया.**

सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार,सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा.टीआई मनीष कुमार और सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार जैन ने पुलिस बल के साथ शहर में अपराधियों की तलाश में दबिश दी.टीम ने कृषि उपज मंडी, रेल्वे स्टेशन सहित शहर की अन्य जगहों पर छानबीन कर फरार आरोपियों की तलाश की.पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तार किया.





### पुलिस ने खजरी मोहल्ले से निकाला जुलूस, दिया सख्त संदेश

शहर के खजरी मोहल्ले में एक दिन पूर्व तोड़फोड़ और दहशत फैलाने की घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप अहिरवाल और भागीरथ अठया दोनो निवासी खजरी मोहल्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया .पुलिस ने भारी बल की मौजूदगी में मोहल्ले में दोनों का जुलूस भी निकाला .जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने मोहल्ले में उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और पास में खड़ी एक कार को भी नुकसान पहुंचाया था। घटना से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बन गया था .कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों को पकड़ा. जुलूस निकालकर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफसख्त संदेश दिया और कानून-व्यवस्था कायम रखने की बात कही.पुलिस की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों ने राहत महसूस की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## सर्पदंश से 60 वर्षीय वृद्धा की मौत



**नवभारत,दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनपानी निवासी करीब 60 वर्षीय वृद्ध महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजन शनिवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे थे,जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने चेकअप और ईसीजी के बाद मृत घोषित कर दिया.जिला अस्पताल चौकी प्रधान आरक्षक शुभनारायण यादव ने बताया कि मृतिका गंगाबाई पति शिवचरण आदिवासी निवासी नोनपानी की मौत पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की गई है.मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है.